देवनानी ने शिक्षकों से की चर्चा

अजमेर (कासं)। पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों को राष्ट्रीय विचारधारा से जोड़ने के प्रयासों की कड़ी में शुक्रवार को अपने निवास पर उनसे चर्चा की।

उन्होंने सभी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 31 मई को अजमेर में होने वाली आमसभा में सहभागिता निभाने का आग्रह किया। देवनानी ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों को अपने अनुभवों का लाभ प्रदेश, देश और समाज को देना चाहिए। उन्हें राष्ट्रीय विचारधारा से जुड़ना चाहिए, ताकि समाज को ताकत मिल सके।

उन्होंने कहा कि जीवन का कुछ समय मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं का क्रियान्वयन करने में सहयोग करना चाहिए। देवनानी ने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारी और कार्मिक यदि सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्रीय विचारधारा को आगे बढ़ाने वाली गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं, तो इसका लाभ ना केवल वर्तमान, बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी मिलेगा।

मोदी की सभा में प्रत्येक बूथ से 250 से 300 व्यक्तियों को लाने का लक्ष्य रखा : भदेल

अजमेर, (कासं)। दक्षिण विधानसभा के झलकारी बाई मण्डल की कार्य समिति की बैठक होटल दाताईन, आर्य मण्डल की बैठक डीके पैलेस एवं आदर्श मण्डल की बैठक आदर्श नगर स्थित मुकुन्द गार्डन में आयोजित हुई। कार्य समिति की बैठक में शहर जिला संगठन प्रभारी बीरम देव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब दो या दो से अधिक व्यक्ति मिलकर किसी एक उद्देश्य की प्राप्ति के लिए कार्यशील होते हैं तो संगठन की आवश्यकता पड़ती है। उद्देश्य के अल्पकालीन होने से संगठन की आवश्यकता में कमी नहीं आती। यदि कुछ व्यक्तियों को मिलकर भारी वजन उठाना हो तो इस क्षणिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए संगठन की आवश्यकता होती है।

उन्होने आगामी 31 मई को अजमेर के कायड विश्राम स्थली पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशाल जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में आने का आग्रह किया।

अजमेर में दक्षिण विधानसभा के तीनों मण्डलों के कार्य समिति बैठक सम्पन्न हुई।

विधायक भदेल ने कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनकल्याण को समर्पित 9 वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 31 मई को अजमेर में प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर भाजपा ने तैयारी कर ली है, शहर को दुल्हान की तरह सजाया जा रहा है। भाजपा द्वारा झण्डे, बैनर, के माध्यम से शहर को भाजपामय किया जा रहा है। देश ने हर क्षेत्र में विकास किया है। विदेशों में भी भारत की छवि में सुधार हुआ है।

जल जीवन मिशन की बैठक

अजमेर। जल जीवन मिशन की बैठक जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित हुई। इसमें जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार ने जिले में मिशन के कार्यो की प्रगति से अवगत कराया।

जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने कहा कि हर घर नल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की महत्वकांक्षी योजना अजमेर जिले में संचालित है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रत्येक घर तक नल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। विभिन्न चरणों में लक्ष्य निर्धारित कर आमजन को लाभान्वित करने का प्रयास जारी है। जिले की समस्त स्कूलों, ठाम पंचायत भवनों, चिकित्सालयों एवं आंगनबाडी केन्द्रों को पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि जिले में एफएचटीसी होने वाले स्थानों के प्रमाणीकरण की कार्यवाही की जाए। रोड़ कटिंग का कार्य कटर के माध्यम से करें। नियमानुसार पर्याप्त गहराई, गुणवत्तापूर्ण सामठी का उपयोग तथा रेस्टोरेशन का कार्य समय पर हो। कौशल विकास के अन्तर्गत प्रशिक्षित युवाओं के कार्य की भी समीक्षा की।

सार-समाचार

पीले चावल बांटे

बिजयनगर (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी 31 मई को अजमेर आगमन के दौरान होने वाली आमसभा में शामिल होने के लिए नागरिकों व्यापारियों भाजपा कार्यकर्ताओं को पीले चावल बांटकर न्योता दिया। इस कार्यक्रम में पहुंचने के लिए लोगों से सम्पर्क किया। भारतीय जनता पार्टी अजमेर देहात के पूर्व अध्यक्ष नवीन शर्मा जिला कोषाध्यक्ष आशीष सांड गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष कैलाश गुर्जर भाजपा मंडल महामंत्री रूपचंद नाबेड़ा पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन बोर्दिया नव मतदाता अभियान के संयोजक प्रवीण शर्मा जिला कार्यकारिणी सदस्य भंडारी बसंत भंडारी मसूदा विधानसभा के विस्ताराक मोहन मेहरा भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष प्रदुमन व्यास भाजपा कार्यकर्ता अमित लोढ़ा दिनेश कोगटा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नेमीचंद भंडारी रामदेव गुर्जर मंडल महामंत्री महेंद्र पवार मंडल उपाध्यक्ष रतनलाल चौधरी, सतीश ओझा, ज्ञान चंद प्रजापत, सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीले चावल बांटकर अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कीआगामी 31 मई को अजमेर में होने वाली आम सभा में शामिल होने का न्योता दिया। साथ लोगों से अधिक से लोगों से संख्या में पहुंचन का आव्हान किया।

भोजन की सेवा की

अजमेर (कासं)।श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर द्वारा सामाजिक सरोकार के अंतर्गत अजमेर जिले के सबसे बड़े राजकीय जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय में दूर दराज के गांवों से अपने रोग का उपचार कराने के लिए आने वाले रोगियों एवम रोगियों की देखभाल करने वाले परिजनों के साथ अन्य को शुद्ध एवम सात्विक भोजन की सेवा दी गई। महामंत्री कमल गंगवाल ने बताया कि मुंबई निवासी निष्मा जैन सुपोत्री पारस चंद कासलीवाल के सहयोग से लगभग 150 व्यक्तियों को भोजन की सेवा दी गई। अध्यक्ष अतुल पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर पारस चंद जैन, प्रशांत कल्याण, महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी अतुल पाटनी आदि ने सेवा दी।

पुष्कर में गहराते पेयजल संकट में पार्षद रविकांत की सराहनीय पहल

पुष्कर (निसं)। पुष्कर प्रदेश और पुष्कर में पारा बढ़ने के साथ ही पेजजल संकट गहराने लगा है।पुष्कर में भी पेजजल संकट लगातार बढ़ता जा रहा है।जलदाय विभाग की और कुछ इलाकों में 48 तो कुछ क्षेत्रों में 72 घंटे से पानी की सप्लाई दी जा रही है।

एक तरह भीषण गर्मी और दूसरी तरफ पेयजल संकट से लोगो का जीना दूभर हो गया है।विशेष रूप से वो लोग जो टैंकर का खर्चा वहन नही कर पा रहे उन लोगो के लिये यह मुसीबत बड़ी बनती जा रही है।ऐसे हालातो में पुष्कर नगर पालिका के वार्ड 12 के पार्षद रविकांत पाराशर ने अपने वार्ड के लोगो को राहत प्रदान करने के लिये एक सराहनीय पहल की है।पाराशर ने बताया कि आगामी 30 जून तक उनके वार्ड 12 का कोई भी परिवार अपने स्तर पर पानी का टैंकर मंगवा सकता है और टैंकर का भुगतान वे उस परिवार को अपनी तरफ से करेंगे।

पाराशर ने बताया कि उन्होंने कुल 150 टेंकरो का लक्ष्य निर्धारित किया है अगर और भी ज्यादा जरूरत रही तो पीछे नही हटेंगे। पार्षद की इस पहल का उनके वार्ड के लोगो ने भी दिल खोलकर स्वागत किया है।

वार्डवासियों का कहना है कि पार्षद रविकांत पाराशर संकट की हर घड़ी में वार्डवासियों के साथ खड़े रहते है।चाहे कोरोना की तीन लहरों में वार्डवासियों को निःशुल्क खाद्य सामठी के किट पहुचाया वही दीपावली के अवसर पर अपने वार्डवासियों के घर घर मिठाई पहुचाने का काम किया। वार्डवासी के थाने या चिकित्सालय का काम हो पार्षद पाराशर हमेशा एक्टिव मोड़ मे नजर आते है।वार्डवासियों ने कहा कि दूसरे पार्षदों को भी पार्षद पाराशर से सीख लेकर इस तरह की सेवा की पहल करनी चाहिये।

कला दीर्घा का दौरा : अजमेर राजस्थान ललित कला अकादमी की ओर से कोटा में निरीक्षण कार्यक्रम हुआ। यह निरीक्षण कार्यक्रम अकादमी के अधीन आने वाली कला दीर्घा छत्र विलास उद्यान में हुआ। ललित कला अकादमी की ओर से मेम्बर ममता चौहान कोटा पहुँची और स्थानीय कलाकारों से कला से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बात की। सदस्य ममता चौहान ने बताया की अकादमी के अद्यक्ष लक्ष्मण व्यास मूर्तिकार की मंशा थी की कलाकारों के बीच जाकर उनकी परेशानियों को जाना जा सके। इसी के तहत कलाकारों से विस्तार से बात की। कलाकारों का कहना था की ऐसा पहली बार हुआ है जब पहली बार उनके बीच आकर बात की गई है। कलाकारों ने कहा कि कला को कोटा में प्रोत्साहन के लिए वार्षिक कैलेंडर के आधार पर विभिन्न कला गतिविधियां का आयोजन किया जाए। इस मौके पर डॉ. मुक्ति पारशर, अतुल शर्मा, विजेंद्र कुमार, राकेश कुमार शर्मा, अनुपमा पवार, हरि ओम गुर्जर, आरव उपस्थित रहे।

स्टेट हाईवे जगह-जगह से क्षतिग्रस्त

मसूदा (निसं)। मसूदा कस्बे से गुजर रही स्टेट हाईवे सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त पर जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुका है ज्यादा हालात खराब मसूदा से पखरियावास तक बने हुए हैं यहां स्टेट हाईवे पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं मसूदा न्यायालय परिसर के सामने उपखंड कार्यालय, आडवाणीया, खिमपुरा चौराहा ,कुमपुरा व घाटा सड़क मार्ग पर दो-दो फुट के गड्ढे बने हुए हैं।जहां आए दिन कोई न कोई दुर्घटनाठास्त होती है। जबकि इस मार्ग से अधिकारियों का आना जाना रहता है लेकिन इसके बाद भी सड़क की हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा है।

गड्ढों से बढ़ सकती हैं हादसों की संख्या स्टेट हाईवे पर गड्ढे होने से इसमें जलभराव होने कई बार अचानक हादसे हो चुके हैं वाहन चालकों को गड्ढे होने का एहसास नहीं होता है वह हादसे का शिकार हो जाते हैं कई बार बाइक सवार को चालक गिरकर चोटिल हो चुके हैं मगर इन घटनाओं के बाद भी अधिकारियों के नींद नहीं खुल पा रही है। स्टेट हाईवे निर्माण नहीं पर मरम्मत पर नहीं कोई ध्यान स्थानीय लोगों ने बताया कि स्टेट हाईवे निर्माण की सुनते सुनते उनके कान पक चुके हैं।

नवगठित कार्यकारिणी का किया अभिनंदन

मेड़ता सिटी (निसं)। सोनाला भेरूजी मंदिर के पास स्थित जांगिड़ भवन में बुधवार के मेड़ता थानाधिकारी भजन लाल व मेडता प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुशील कुमार दिवाकर के अभिनदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर थानाधिकारी भजनलाल अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

इस मौके पर समाजसेवी सूरज भारती की टीम ने यहां पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुशील दिवाकर सहित तमाम पदाधिकारियों का माला एवं साफा पहनाकर गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया गया इस मौके पर हाल ही में नव स्थानांतरित होकर आए मेड़ता थाना अधिकारी भजनलाल का रामनिवास भंवरिया व रमेश जांगिड़ ने माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

इसके साथ ही मेड़ता प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भी माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। थानाधिकारी भजनलाल ने कहा कि पत्रकार संविधान के चौथे स्थान में इसके साथ ही आमजन की आवाज को शासन व प्रशासन तक

अतिथियों का अभिनंदन करते समाज सेवी सुरज भारती।

पहुंचाने में पत्रकार मुख्य कड़ी का काम करते हैं वहीं समाजसेवी सूरज भारती ने कहा कि पत्रकारिता का व्यवसाय आसान नहीं है पत्रकार जान जोखिम में डालकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं ऐसे में पत्रकारों के उत्साहवर्धन के लिए समय-समय पर इस तरह के अभिनंदन कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए। इस अवसर पर प्रेस क्लब के संरक्षक पुखराज टाक, मौलाना मोइन आजाद, रफीक अहमद कादरी ,पुरण उपाध्याय, संदीप बोहरा, रामेश्वर घांची, ललित लहरिया, तेजाराम लाडनवा, एडवोकेट रामनिवास भंवरिया, एडवोकेट नारायण पारीक, एडवोकेट शुभाकित पाठक मौजूद रहे।

ऑनलाइन पात्रता जांच होगी

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत चित्रकला, संगीत तथा पंजाबी विषय के विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन/पात्रता जांच का कार्य ऑनलाइन किया जाएगा। इसके लिए उक्त विषयों के विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को 29 मई से 5 जून 2023 तक विस्तृत आवेदन-पत्र मय शैक्षणिक-प्रशैक्षणिक दस्तावेजों के आवश्यक रूप से भरकर ऑनलाइन अपलोड करने होंगे। आयोग के वरिष्ठ उपसचिव एसएन शर्मा ने बताया कि इन तीनों विषयों की विचारित सूची 18 अप्रेल से 28 अप्रेल 2023 तक जारी की जा चुकी है। इन सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करते हुए विस्तृत आवेदन-पत्र एवं शैक्षणिक-प्रशैक्षणिक दस्तावेजों को निर्धारित समयावधि में अपलोड कर देवें। आयोग द्वारा इस संबंध में कोई ऑफलाइन पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक - न.नि.अ/23-24/एम.बी./303 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 26.5.2023

श्री मनीष अरोडा पुत्र श्री आनन्द प्रकाश अरोडा एव श्रीमति मीता अरोडा पत्नी श्री मनीष अरोडा निवासी सुखदाम रामनगर पुष्कर रोड अजमेर द्वारा एक सम्पति संख्या 374 - ए अंकित है, जो वार्के केशन नगर वैशाली नगर आनासागर सरक्यूलर रोड अजमेर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 139.39 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार हैं।

पूर्व : आम रास्ता 60 फुट चौड़ा पश्चिम : भूखण्ड संख्या 383
उत्तर : भूखण्ड संख्या 374 - बी दक्षिण : भूखण्ड संख्या 375

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

'महंगाई से अब मिलेगी राहत'

मसूदा। ग्राम पंचायत जीवाणा एवं नाडी में प्रशासन गांव के प्रशासन गांव के संघ व महंगाई राहत कैंप का निरीक्षण किया। मसूदा विधायक राकेश पारीक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में लगाए जा रहे महंगाई राहत कैंप आमजन के लिए राहत का सबक साबित हो रहे हैं।

उन्हें महंगाई से राहत मिलेगी वहीं बचत भी बढ़ेगी पारीक ने मसूदा पंचायत समिति की ठाम पंचायत जीवाणा एवं नाड़ी मैं आयोजित महंगाई राहत कैंप एवं प्रशासन गांव के संग अभियान का निरीक्षण कर पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किए उन्होंने कहा कि आमजन का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। जिनके तहत पात्र व्यक्ति को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है।जरूरतमंदों को संबल देने में राजस्थान देश में अठाणी राज्य बना है। पारीक ने आमजन की परियोजनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। बैंक में फर्जी दस्तावेज लगाकर करीब 12 करोड़ का लेनदेन करने का मामला सामने आया है।

मार्बल एरिया में मजदूरी करने वाले परिवादी के पास जब आयकर विभाग का नोटिस आया तो इसके पैरो तले जमीन खिसक गई।

नोटिस में लिखा गया की आईसीआई बैंक और आदर्श कॉपरेटिव बैंक में आपके खाते में 12 करोड़ 48 लाख का लेनदेन हुआ है, जबकि इसने दोनों बैंको में खाता खुलवाया ही नहीं, फिर लेनदेन किसने कर लिया

तत्काल आयकर कार्यालय जाकर सच्चाई जाननी चाही तो मामला सामने आया की सरदार सिंह की ढाणी रोड़ निवासी सुनील अग्रवाल पुत्र मुरलीधर ने फर्जी पेन कार्ड, पहचान पत्र सहित परिवादी की फोटो लगाकर बैंक में अकाउंट खुलवाकर करोड़ो का लेनदेन किया है।

हाऊसिंग बोर्ड निवासी परिवादी सुनील टेलर ने एडवोकेट रुपेश शर्मा के जरिये अदालत की शरण में जाकर परिवाद प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या एक ने मदनगंज थाना पुलिस को आदेश दिया की फर्जी बैंक खाते में करोड़ों रुपए का लेनदेन करने वाले आरोपी सुनिल पुत्र मुरलीधर अठावाल के खिलाफ जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाये।

एडवोकेट रुपेश शर्मा ने बताया की इस मामले में बैंक अफसरों की भूमिका भी संदेह के दायरे में आ रही है। किसी दूसरे व्यक्ति के दस्तावेज के आधार पर अकाउंट कैसे खुल गया। आरोपी सुनिल के दस्तावेजों की जांच पड़ताल किये बिना ही खाता कैसे खोल दिया। मदनगंज थाना पुलिस हर पहलू की बारीकी से पडताल कर रही है।

महेश्वरी जयंती तैयारियां

मेडता सिटी । महेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी की तैयारियों को लेकर माहेश्वरी महिला मंडल के तत्वाधान में महेश्वरी सेवा सदन में कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती मुन्नी देवी जाजू ने बताया कि 29 मई को भगवान महेश की जन्म जयंती मीरा नगरी में बड़ी धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी इसीलिए महेश्वरी महिला मंडल द्वारा बालिकाओं और महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन आरती खेलकूद एवं जनरल नॉलेज सहित अनेकों प्रकार की प्रतियोगिताओं की तैयारियां की जा रही है। श्रीमती मुन्नी देवी जाजू ने बताया कि महिलाओं और बालिकाओं में अलग-अलग प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस दौरान मुन्नी देवी जाजू हेमलता काबरा शोभा देवी लाहोटी हेमा बंग सुनीता लाहोटी श्री मूंदड़ा ,किरण मालपानी सहित अनेक महिलाएं और बालिका मौजूद रहे।

शहीद बजरंगलाल डूकिया के जयकारों से गूंजा फिडौद

नागौर। शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा...। एक कविता की ये पंक्तियां शुक्रवार को फिडौद में साकार हुई। शहीद सूबेदार बजरंगलाल डूकिया की पहली पुण्यतिथि पर फिडौद में मूर्ति अनावरण समारोह व रक्तदान शिविर में शामिल हुए ठामीणों एवं अतिथियों ने शहीद बजरंगलाल अमर रहे व भारत माता के जयकारों से गांव को गुंजायमान कर दिया।

मुख्य अतिथि नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल व विशिष्ट अतिथि नागौर विधायक मोहनराम चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सीआर चौधरी एवं जाट रेजिमेंट के अधिकारियों ने शहीद की मूर्ति का अनावरण कर मौके पर मौजूद ठामीणों को संबोधित किया। साथ ही इस मौके पर शहीद की वीरांगना नेनीदेवी, पिता प्रभुराम डूकिया, पुत्र-पुत्री बिन्दु जाखड़ सहित पूरे परिवार का अतिथियों ने सम्मान किया। रक्तदान शिविर में 65 युवाओं ने रक्तदान कर शहीद डूकिया को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं लाइफ लाइन ब्लड बैंक की टीम ने शिविर में रक्त संठाह किया। मूर्ति अनावरण समारोह में पूर्व मंत्री हबीबुर्रहमान, पद्मश्री हिम्मताराम भांभू, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रणजीत सिंह, बालेसर प्रधान नेहा चौधरी, सरपंच बिन्दू जाखड़, पूर्व सरपंच इंद्रचंद फिडौदा, एडवोकेट इंद्रचंद फिडौदा, आरएलपी जिलाध्यक्ष हनुमान भाकर सहित सेना के अधिकारी, जवान, फिडौदा सहित आसपास के जनप्रतिनिधि एवं ठामीण मौजूद रहे। आवश्यक दिशा-निर्देश : नागौर में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार मदनलाल भाटी अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) मेडता एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तसनीम खान ने शुक्रवार, 26 मई को उप कारागृह मेडता का निरीक्षण किया।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर के महाराणा प्रताप नगर आवासीय योजना के भूखण्ड संख्या बी-312 के लीज डीड पट्टा क्रमांक 6343 दिनांक 12/06/2001 को श्री चन्द्रपाल सिंह पुत्र श्री दुर्गा सिंह निवासी मदार गेट के अन्दर, पुलिस चौकी के सामने, अजमेर के नाम जारी किया था। उन्होंने यह भूखण्ड श्री अमनप्रीत सिंह छावड़ा पुत्र श्री बलवीर सिंह छावड़ा, जाति सिक्ख, निवासी फ्लैट नम्बर 102, माखीजा टॉवर, बापू नगर, अजमेर को विक्रय कर दिया था। विक्रय पत्र के आधार पर अमनप्रीत सिंह छावड़ा पुत्र श्री बलवीर सिंह छावड़ा ने कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर में अपने नामान्तरण भी दर्ज करा लिया है। अमनप्रीत सिंह छावड़ा द्वारा इनकी मूल विक्रय पत्र व मूल मुख्त्यारनामा आम कहीं खो गये है अथवा गुम हो गये है। जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट नजदीकी थाने में भी दर्ज करा दी गई है। अतः अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर द्वारा लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा श्री अमनप्रीत सिंह छावड़ा पुत्र श्री बलवीर सिंह छावड़ा, जाति सिक्ख, निवासी फ्लैट नम्बर 102, माखीजा टॉवर, बापू नगर, अजमेर के पक्ष में इनके सत्यापित प्रतिलिपी विक्रय पत्र व नामान्तरण के आधार पर जारी किया जाने से किसी को कोई आपति हो तो 07 दिवस के भीतर अपनी आपति प्रस्तुत कर देवें। उक्त नियत अवधि के पश्चात आपति स्वीकार नहीं होगी एवं लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा अमनप्रीत सिंह छावड़ा पुत्र श्री बलवीर सिंह छावड़ा के नाम से जारी कर दिया जायेगा।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरित की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की नागफणी कच्ची बस्ती योजना के आवासीय पट्टा संख्या 548 क्षेत्रफल 110 वर्गगज के आवंटी / अन्तरिति श्री नवाब खान पुत्र स्व. श्री ईमामुद्दीन निवासी गली नं. 4, लक्ष्मी मोहल्ला, छोटी नागफणी, अजमेर की मृत्यु दिनांक 18.05.2021 को होने पर मृत्यु प्रमाण-पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1. अनिसा पुत्री स्व. श्री नवाब खान, 2. फरीदा पुत्री स्व. श्री नवाब खान 3. शबनम पुत्री स्व. श्री नवाब खान 4. शबाना बीबी पुत्री स्व. श्री नवाब खान निवासी गली नं. 4, लक्ष्मी मोहल्ला, छोटी नागफणी, अजमेर द्वारा अपने सहिस्सेदार मोहम्मद सईद खान पुत्र स्व. श्री नवाब खान निवासी गली नं. 4, लक्ष्मी मोहल्ला, छोटी नागफणी, अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र संख्या 202303002105535 दिनांक 06.05.2023 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण अजमेर कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

शतरंज में आयुष कांकाणी ने बाजी मारी

माहेश्वरी पंचायत संस्था मदनगंज के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

मदनगंज-किशनगढ़ (निस)। माहेश्वरी पंचायत संस्था मदनगंज के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में शतरंज प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में कांटे का मुकाबला हुआ। कड़े मुकाबले में चंद्रा कॉलोनी निवासी कानजी कांकाणी के होनहार पुत्र आयुष कांकाणी ने अपने प्रतिद्वंदी को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही कृष्णकांत राठी शानदार शतरंजी बाजी खेलकर उपविजेता बने। माहेश्वरी समाज ने विजेता आयुष कांकाणी को सम्मानित कर हौसला बढ़ाया।

शिविरों में आमजन को मिली राहत

नागौर। राज्य सरकार द्वारा आमजन को महंगाई से राहत देने के लिए प्रदेश में महंगाई राहत कैम्पों तथा प्रशासन गांवों के संग व प्रशासन शहरों के संग शिविर निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आयोजित किए जा रहे है।

इसके तहत जिले में शुक्रवार को भी निर्धारित स्थानों पर कैम्पों का आयोजन किया गया तथा आमजन का रजिस्ट्रेशन कर मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किए गए। साथ ही इस दौरान आयोजित हो रहे प्रशासन गांवों के संग एवं प्रशासन शहरों के संग शिविरों में आमजन की बिजली, पानी, भूमि बंटवारें व परिवर्तन, भरण पोषण तथा विकलांगता प्रमाण पत्र, पेंशन से जुडी विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने बताया कि शुक्रवार को जिले में महंगाई राहत कैम्पों में 100 स्थाई राहत कैम्पों के साथ-साथ ठाम पंचायतों में प्रशासन गांवों के संग एवं नगरीय वार्डो में प्रशासन शहरों के संग शिविर आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि जिले में 100 स्थाई महंगाई राहत कैम्प जिला प्रशासन द्वारा राजकीय कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जा रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी मंडल की बैठक आयोजित

अराई भारतीय जनता पार्टी मंडल की बैठक बांद्रा बालाजी अराई में आयोजित हुई।

अरांई (निसं)। भारतीय जनता पार्टी मंडल की बैठक बांद्रा बालाजी अराई में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राम सिंह राठौड़ ने की। बैठक के मुख्य अतिथि भागीरथ चौधरी सांसद अजमेर थे। बैठक के वक्ता शंभू शर्मा मंडल प्रभारी अराई, चेतन चौधरी चेयरमैन क्रय विक्रय सहकारी समिति किशनगढ़ ने अपना उद्बोधन दिया, कमल शर्मा विस्तारक किशनगढ़ विधानसभा ने सगठन सरंचना की जानकारी दी, बैठक में मंडल के सभी पदाधिकारी बुथ अध्यक्ष ,शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी ,सरपंच पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य मौजूद थे, बैठक के विशिष्ट अतिथि नाथू नवाद जिला परिषद सदस्य निर्मल भण्डिया पूर्व मंडल अध्यक्ष थे, बैठक में भैरों सिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर उनके समक्ष दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरुआत की, इस साल भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने भैरों सिंह शेखावत का शताब्दी समारोह मना रही है। बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को अजमेर कायड़ विश्राम स्थली समय 2:00 बजे आ रहे हैं जिसमें उनकी यात्रा को लेकर व्यवस्थाओं को लेकर बैठक में संयोजक सह संयोजक व प्रभारी मनोनीत किया, और भैरों सिंह जी शेखावत की जीवनी पर प्रकाश डाला, पार्टी के सभी पदाधिकारी ,बुथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र सयोजक, प्रभारी मौजूद थे।

क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

एसपीएल-2. पंचम चरण रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ़ (अजमेर)

राप्रनिम/शैका किश/पीयूवी-200/ दिनांक

पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आमसूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शुभम माहेश्वरी पुत्र श्री सूर्य प्रकाश सोनी खनन पटटा संख्या 70/2021 (रेफरेंस संख्या 20211000048832) ग्राम निजामपुरा द्वारा क्वार्टज एवं फैल्सपार खनिज क्लस्टर खनन परियोजना जिसका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है –

क्र स.	प्रोजेक्ट का नाम	खनन पट्टा संख्या	क्षेत्रफल हैक्टेयर में	ग्राम	खनिज का नाम	उत्पादन क्षमता टीपीए (आर.ओ.एम.)
1	श्री शुभम माहेश्वरी पुत्र श्री सूर्य प्रकाश सोनी, खसरा सं. 1134	70/2021 (रेफरेंस संख्या 20211000048832)	1.00	निजामपुरा	क्वार्टज एवं फैल्सपार	100375.75
2	श्री पदम चन्द जैन	02/2019	1.5898	निजामपुरा	क्वार्टज एवं फैल्सपार	29880
3	श्रीमती मीरा खरोल	172/2013	4.0101	निजामपुरा	क्वार्टज एवं फैल्सपार	30000
4	श्री खेमचंद लोढ़ा	171/2013	4.9874	नि